# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

## प्रेस विज्ञप्ति

## प्राधिकरण द्वारा आम जनमानस के मध्य किया गया व्यापक स्तर पर निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरण।

आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक व्यापक जन सहभागिता से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपाध्यक्ष महोदया द्वारा प्राधिकरण के समस्त उच्चधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु व्यापक कार्ययोजना बनायी गयी थी। जिसके अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा बैंकों के सहयोग से मानक आकार राष्ट्रीय ध्वज स्वयं सहायता समूह से तैयार कराते हुये प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा, जिनका निःशुल्क वितरण प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों से अलग अलग जन समूहो के मध्य किया जा रहा है।

उपरोक्त के अंतर्गत आज दिनांक 10.08.2022 को वाराणसी विकास प्राधिकारा द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नवत कार्यवाहियाँ संपादित की गयी:-

- प्राधिकरण द्वारा 10 स्थलों पर फ़्लेक्स बोर्ड स्थापित किये गये।
- प्राधिकरण में आने वाले आगंतुकों एवं आम जनमानस को राष्ट्रीय ध्वज उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।
- संत गुरु रविदास पार्क एवं स्मारक तथा पड़ाव स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक पार्क में आने वाले आगंतुकों को टिकट काउंटर के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया गया।
- लालपुर आवासीय योजना तथा लैंडमार्क टावर बहुमंजिला आवासीय योजना में आवंटियों /रहवासियों को प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय ध्वज निःशुल्क वितरित किए गये।
- रामनगर आवासीय योजना में आवंटियों/रहवासियों को प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय ध्वज निःशुल्क वितरित किए गये।
- पद्म विभूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल परिसर में प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय ध्वज निःशुल्क वितरित किए गये।
- प्राधिकरण की भवन अनुभाग की टीम द्वारा अपने अधीनस्थ वार्डों में निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज का वितरण आम जनमानस के मध्य किया गया।
- प्रधानमंत्री आवास योजना कुरुहुआं एवं आस पास के रहवासियों के मध्य प्राधिकरण टीम द्वारा निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया।

उपरोक्त समस्त कार्यों के हेतु उपाध्यक्ष महोदया द्वारा आम जनमानस से अपील की गयी है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक व्यापक जन सहभागिता से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाये।